Title: Need to set up a sugar mill in Unnao Parliamentary constituency, U.P -laid.

श्री देवी बक्स सिंह (उन्नाव): अध्यक्ष महोदय, मान्यवर, मैं आपके माध्यम से उद्योग मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र उन्नाव की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं पिछले चार-पांच वर्षों से मेरे जनपद उन्नाव में एक चीनी मिल लगाये जाने की मांग करता आ रहा हूं, क्योंकि क्षेत्र के गन्ना किसानों को चीनी मिल न होने के कारण बहुत दूर-दूर अपना गन्ना ले जाना पड़ता है, जिसके कारण किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और इससे परेशान होकर बहुत से किसानों ने गन्ने की फसल उगानी बंद कर दी है। क्षेत्र किसान व प्रतिनिधियों को बार-बार शिकायत की गई। मैंने स्वयं नियम ३७७ के द्वारा कई बार इस मामले को सदन में उठाया है।

अतएव मेरा सरकार से अनुरोध है कि सरकार उन्नाव जनपद में एक चीनी मिल लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान करें।